BHADOHI POLICE

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद भदोही

दिनांक-27.02.2025

◆भदोही में अपराधियों की खैर नहीं, पुलिस मुठभेड़ में ईनामी अभियुक्त गिरफ्तार

◆रात्रि चेकिंग के दौरान थाना ज्ञानपुर व जनपदीय स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी

◆25 हजार रुपये पुरस्कार घोषित व छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह का अंतर्जनपदीय अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

◆अभियुक्त के पास से एक अदद नाजायज तमंचा 315 बोर मय खोखा व जिंदा कारतूस 315 बोर व छिनैती की घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद

◆थाना ज्ञानपुर अंतर्गत ग्राम मर्चवार के पास ई-रिक्शा पर सवार महिला के गले से मंगलसूत्र छिनैती की घटना को दिया था अंजाम

◆मुठभेड़ के दौरान फरार अभियुक्त के एक अन्य साथी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा किया जा रहा प्रयास

◆अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी जनपद भदोही व प्रयागराज में छिनैती, चोरी व आयुध अधिनियम के अंतर्गत अभियोग हैं पंजीकृत

घटनाक्रम-

दिनांक-21.02.2025 को थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मर्चवार के पास रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाश ई-रिक्शा पर सवार महिला के गले से मंगलसूत्र झपट्टा मारकर छिनकर भाग गये। सूचना पर पुलिस उच्चाधिकारीगण सहित स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। घटना के संबंध में प्राप्त सूचना पर तत्समय ही अज्ञात के विरुद्ध मु0अ0सं0-38/2025 धारा-304(2) बी.एन.एस. का अभियोग पंजीकृत करते हुए रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अभियुक्तों की पहचान व घटना के शीघ्र अनावरण के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई।

श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा उपरोक्त छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 25,000/- रुपए नगद पुरस्कार घोषित किया गया। घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु गठित थाना ज्ञानपुर व जनपदीय स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दिनांक 27/28.02.2025 की रात्रि में असनाव बाजार के पास चेकिंग के दौरान पीछा करते हुए ग्राम मर्चवार जाने वाले तिराहे के पास से पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले/25 हजार रुपए पुरस्कार घोषित वांछित अभियुक्त सचिन मौर्या पुत्र रामनरेश मौर्या निवासी किसोरा थाना हण्डिया जनपद प्रयागाराज उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद खोखा व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद किया गया।

पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग में गिरफ्तार ईनामी अभियुक्त सचिन मौर्या के दाहिने पैर में गोली लगी है, जिसे ईलाज हेतु अस्पताल भेजा गया है जिसकी स्थिति सामान्य है। पुलिस उच्चाधिकारीगण के नेतृत्व में फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल निरीक्षण करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उक्त गिरफ्तारी व नाजायज तमंचा बरामदगी तथा पुलिस टीम पर फायरिंग करने के संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध अंतर्गत धारा 109(1) बी.एन.एस व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अंतर्जनपदीय अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी जनपद भदोही व प्रयागराज में छिनैती, चोरी व आयुध अधिनियम के अंतर्गत 03 अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त का एक अन्य साथी मौके से फरार हो गया है, जिसकी गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु पुलिस टीमों द्वारा प्रयास किया जा रहा है।

पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार पुरस्कार घोषित/ अंतर्जनपदीय अभियुक्त का नाम व पता-

सचिन मौर्या पुत्र रामनरेश मौर्या निवासी किसोरा थाना हण्डिया जनपद प्रयागाराज उम्र करीब 20 वर्ष

यह हुई बरामदगी-

एक अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद खोखा व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल

पुरस्कार घोषित अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1.मु0अ0सं0-102/2024 धारा-411/413/414 भा0द0वि0 व 3/4/25 आयुध अधिनियम थाना गोपीगंज जनपद भदोही

2.मु0अ0सं0-40/2024 धारा-379/411 भा0द0वि0 थाना दारागंज जनपद प्रयागराज

3.मु0अ0सं0-38/2025 धारा-304(2) बी.एन.एस. थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही

टीम में रहे शामिल-

1.निरीक्षक श्याम बहादुर यादव प्रभारी स्वाट मय हमराह पुलिस टीम

2.थानाध्यक्ष ज्ञानपुर, विष्णुप्रभा सिंह मय हमराह उ0नि0 सुभाषचन्द्र बौद्ध, उ0नि0 रणबहादुर सिंह, हे0का0 अबरार अहमद, का0 मनोज गिरी, का0 आनन्द वर्मा, का0 शिवा सिंह, चालक हे0का0 विनीत तेवतिया, का0 उमेश राजपूत, का0 दीपक कुमार थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही